विषय : अनुवादकों का पैनल गठित किए जाने के संबंध में ।

इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी), केंद्र सरकार का उपक्रम है जिसे रेलवे के एक विस्तारित अंग के रूप में 27 सितम्बर 1999 को कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत स्थापित किया गया ।

आई.आर.सी.टी.सी., द्वारा कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट आदि के हिंदी अनुवाद का कार्य बाहरी स्रोतों से करवाया जाता रहा है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुवादकों का पैनल गठित किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित हैं, आवेदन के लिए अपेक्षित शर्तें निम्नवत् हैं:-

1. पात्रता :-

I. केन्द्र अथवा राज्य सरकार से सेवानिवृत्त् राजभाषा अधिकारी/हिंदी अधिकारी ।

II. अनुवाद कार्य से जुड़े अन्य मंत्रालयों के सेवानिवृत्त अधिकारी ।

III. गैर-सरकारी अनुवादक जो किसी सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था के साथ जुड़कर अंग्रेजी – हिंदी विलोमतः अनुवाद कर रहे हैं।

2. शैक्षणिक योग्यता :-

भारतीय अनुवाद परिषद या समकक्ष किसी मान्यता प्राप्त् संस्थान से अंग्रेजी–हिंदी अनुवाद कार्य में डिप्लोमा अथवा अन्य किसी विश्वविद्यालय/संस्था से समकक्ष डिग्री अथवा डिप्लोमा।
स्नातक स्तर पर अंग्रेजी एवं हिंदी का अध्ययन किया हो और स्नातकोत्तर स्तर पर अंग्रेजी एवं विलोमतः।

3. अनुभव :-

अनुवादक के पास कम-से-कम दो वर्ष का हिंदी अनुवाद कार्य का अनुभव होना चाहिए।
अनुवादक/अनुवाद अधिकारी को हिंदी टंकण(युनीकोड में मंगल फॉट) का ज्ञान अवश्य होना चाहिए।
अनुवादक/अनुवाद अधिकारी को ईमेल/वेबसाइट आदि कंप्यूटर का आधारभूत व्यवहारिक ज्ञान होना चाहिए।

4. मानदेय :-

गृह-मंत्रालय के पत्रांक 13034/2/2018/रा.भा./नीति, दिनाँक 15.05.2018 के अनुसार अधिकतम 300 रू. प्रति पृष्ठ की दर से पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा। जिसमे अनुवाद,पुनरीक्षण, हिंदी टंकण (मंगल फोंट में) सिंगल लाइन स्पेसिंग के साथ एवं प्रूफ रीडिंग सम्मिलित होंगे । अनुवाद में पाई गई त्रुटियों या कमियों पर तदनुसार कटौती की जाएगी ।

5. कार्य की प्रकृति :-

चयनित अनुवादकों की कार्य की प्रकृति पूर्णत: अस्थायी होगी एवं संबंधित विभागों की आवश्यकता के अनुरूप होगी। आई आर सी टी सी द्वारा चयन किए जाने के उपरांत राजभाषा विभाग अनुवादकों से कार्य हेतु सीधा संपर्क करेंगे। सक्षम अधिकारी के अनुमोदन उपरांत एवं निर्धारित नियमों के अनुसार राजभाषा विभाग द्वारा अनुवादकों को कार्य आदेश दिया जाएगा ।

नोट :-गूगल द्वारा किये गए अनुवाद कार्य कदापि स्वीकृत नहीं किये जायेंगे । समयबद्धता एवं परिशुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाना बाध्यकर होगा ।

6. चयन प्रक्रिया :-

I. सभी प्राप्त आवेदनों की योग्तया अनुभव आदि का परीक्षण एवं समीक्षा एक समिति द्वारा किया जायेगा।
II. योग्य आवेदनों की शॉर्टलिस्टिंग करने के उपरांत अनुवाद संबधी परीक्षा के माध्यम से चयन किया जाएगा ।

7. अस्वीकरण :-

यह 03 वर्ष हेतु अस्थायी अनुबंधपरक पैनल होगा जिसमें किसी प्रकार की नियमित नौकरी का आश्वासन नहीं होगा। जिसे आईआरसीटीसी द्वारा आवश्यकता अनुसार परिवर्तित/संशोधित किया जा सकता है तथा किसी भी मुद्दे पर असन्तोषजनक पाए जाने पर निरस्त भी किये जाने का अधिकार आईआरसीटीसी. के पास पूर्णतः सुरक्षित होगा । यदि कभी यह पाया जाता है कि किसी अनुवादक का काम स्तरीय/अपेक्षानुरूप नहीं है तो उसे किसी भी समय 'अनुवादक पैनल' से हटाया जा सकता है

8. आवेदन की अंतिम तिथि :-

योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन निर्धारित संलग्न प्रपत्र में संबंधित दस्तावेज़ों समेत निम्नलिखित पते पर या ई-मेल rajbhasha@irctc.com पर दिनांक 23.06.2022 तक भेज दें । अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

श्री शिव प्रकाश दुबे, प्रबंधक/ राजभाषा
12वां तल, आईआरसीटीसी लिमिटेड़
निगम कार्यालय, स्टट्रेसमेन हाउस
बाराखंबा रोड़
नई दिल्ली-110001.